# आगरा नगर निगम

## अल्पकालीन निविदा सूचना

सीवर लाइन व पाइप लाइन के कार्य हेतु पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत आधार दरों पर ई–निविदा पद्धति से ई–टेण्डरिंग की वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित टेण्डर शैड्यूल के अनुसार अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। अर्नेस्टमनी की धनराशि एन0एस0सी0 / एफ0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता के नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि RTGS/NEFT के माध्यम से नगर निगम के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया में खाता संख्या 38120131718, शाखा–नगर महापालिका, आगरा IFSC Code SBIN0003707 खाता नाम ई–टेण्डरिंग नगर निगम आगरा में जमा कराते हुए धनराशि ट्रांसफर का यू0टी0आर0 नम्बर आदि की स्कैन कॉपी निविदा के साथ वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त में निहित होगा :–

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा देखने / डाउनलोड / खरीदने की तिथि | 15-09-2021, 12:00 PM | 24-09-2021, 12:00 PM |
| 2 | बिड समाप्ति की तिथि एवं समय | -- | 24-09-2021, 12:00 PM |
| 3 | बिड खोलने की तिथि एवं समय | 24-09-2021, 12:00 PM | |

नोट :–

कार्यों का विवरण एवं शर्तें नगर निगम, आगरा की वेबसाइट http://nagarnigamagra.com पर देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता,
जलकल विभाग, नगर निगम,
आगरा

संख्या : ५२/ई.ई./जलकल/२१ दिनांक : १९/8/२१

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. मा0 महापौर महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. नगर आयुक्त महोदय को अवलोकनार्थ।
3. महाप्रबन्धक महोदय जलकल को अवलोकनार्थ।
4. टेण्डर समिति को सूचनार्थ।
5. जनसम्पर्क अधिकारी / प्रभारी विज्ञापन को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता को इस निर्देश के साथ समयान्तर्गत निविदा प्रपत्र अपलोड़ कराया जाना सुनिश्चित करें।
7. आई0टी0ओ0 को वेबसाइट पर अपलोड़ किये जाने हेतु।
8. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अधिशासी अभियन्ता,
जलकल विभाग, नगर निगम,
आगरा

Seen//KOR

Scanned with CamScanner

# आगरा नगर निगम

## अल्पकालीन निविदा सूचना

सीवर लाइन व पाइप लाइन के कार्य हेतु पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत आधार दरों पर ई–निविदा पद्धति से ई–टेण्डरिंग की वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित टेण्डर शैड्यूल के अनुसार आमंत्रित अल्पकालीन निविदा सूचना के कार्यों का विवरण :–

| क्र. सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा देखने / डाउनलोड / खरीदने की तिथि | 15-09-2021, 12:00 PM | 24-09-2021, 12:00 PM |
| 2 | बिड समाप्ति की तिथि एवं समय | -- | 24-09-2021, 12:00 PM |
| 3 | बिड खोलने की तिथि एवं समय | 24-09-2021, 12:00 PM | |

## कार्यों का विवरण

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (धनराशि रु. में) | अर्नेस्ट मनी (धनराशि रु. में) | कार्य अवधि (दिन में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड–39 के अन्तर्गत नौलक्खा जोनल पम्पिंग स्टेषन से कुषवाह कुंज नामनेर तक 160एम.एम. पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 2003866.00 | 200500.00 | 60 | 2000 | A,BC, D |
| 2 | आवास विकास सैक्टर–16 में 250 एम. एम. डी.आई. पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 12949454.00 | 1295000.00 | 120 | 10000 | A,B |
| 3 | कामायनी हॉस्पीटल के सामने भावना स्टेट वाली रोड़ पर 300 एम.एम. डी. आई. पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 7257250.00 | 725800.00 | 120 | 7000 | A,B,C |
| 4 | भावना स्टेट से गणपति अपार्टमेंट के आसपास की कॉलोनी में 200 एम.एम. डी.आई. पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 3948520.00 | 394900.00 | 120 | 3000 | A,B,C, D |
| 5 | हलवाई की बगीची जोनल पम्पिंग स्टेशन को भरने वाली 1200 एम.एम. से निकली 600 एम.एम. डी.आई. पाइप लाइन में स्लूस वॉल्व लगाने का कार्य। | 1050000.00 | 105000.00 | 90 | 1000 | A,B,C, D |
| 6 | नाऊ की सराय स्थित त्वरित राहत नलकूप योजना के अन्तर्गत निर्मित 16 नग नलकूपों में से 02 नग नलकूप नम्बर 7 एवं नलकूप नम्बर 999 के रिपेयरिंग का कार्य। | 2856000.00 | 285600.00 | 60 | 2000 | A,B,C, D |
| 7 | वार्ड–92, वजीरपुरा गिहारा बस्ती में चौधरी राधारमण के भवन संख्या 23/341 से 23/348 बबुआ के मकान तक और भवन संख्या 23/316 | 265100.00 | 26600.00 | 15 | 300 | A,B,C, D,E |

Scanned with CamScanner

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (धनराशि रु. में) | अर्नेस्ट मनी (धनराशि रु. में) | कार्य अवधि (दिन में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अब्दुला के मकान से 23/324 मुस्ताक के घर तक गली में पानी की 110 एम. एम. डाया पी.वी.सी. पाइप लाइन डालने का कार्य। | | | | | |
| 8 | वार्ड–68, टीला कालीबाड़ी जादूगर वाली गली में 200 एम.एम. डाया आर. सी.सी. सीवर लाइन डालने का कार्य। | 614374.00 | 61500.00 | 45 | 500 | A,B,C, D |
| 9 | वार्ड–68, कटरा मदारी खाँ पतली गली और शिवम वाटिका वाली गली मकान संख्या 15/380 में 200 एम.एम. डाया आर.सी.सी. सीवर लाइन डालने का कार्य। | 642431.00 | 64300.00 | 45 | 500 | A,B,C, D |
| 10 | वार्ड–68 मोती कटरा ब्रजभोग कॉर्नर लाल दरवाजा गली से पीर बाबा दरगाह तक 200 एम.एम. डाया आर. सी.सी. सीवर लाइन डालने का कार्य। | 530100.00 | 53100.00 | 45 | 500 | A,B,C, D |
| 11 | टोरेंट पावर ऑफिस रामरघु हॉस्पीटल एम.जी. रोड़से बच्चूमल की कोठी तक 110 एम.एम. पी.वी.सी. पाइप लाइन डालने का कार्य। | 593500.00 | 59500.00 | 30 | 500 | A,B,C, D |
| 12 | हरीपर्वत वार्ड–94, बाग फरजाना में नवल किशोर हॉस्पीटल चौराहा पर ट्रैंचलैस तकनीक से 400 एम.एम. डाया सीवर लाइन जोड़ने का कार्य। | 1878873.00 | 187900.00 | 45 | 2000 | A,B,C, D |
| 13 | म0नं0–36/2/11बी से 36/1 मोहन पुरा में कोमलेन्द्र दीक्षित के पास 250एम.एम. ब्यास सीवर लाईन जाडने का कार्य। | 387889.00 | 39000.00 | 30 | 500 | A,B,C, D,E |
| 14 | फूल वाटिका कमला नगर श्रीमती सुनीता अग्रवाल के निवास तक 350 एम.एम. डाया सीवर लाइन डालने का कार्य। | 1709488.00 | 171000.00 | 60 | 2000 | A,B,C, D |

**समान्य शर्तें :–**

1. निविदादाता को वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकरण न होने पर निविदा डालना सम्भव नहीं होगा।
2. बिड के साथ नगर निगम/जलकल के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी के निकट रक्त सम्बन्धी के फर्म में कार्यरत न होने सम्बन्धी शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।
3. बिड के साथ ठेकेदार को रु. 100/– के स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा कि वह किसी विभाग में काली सूची में दर्ज नहीं है।
4. समस्त कार्यों की निविदा डबल बिड सिस्टम के आधार पर पृथक–पृथक देना अनिवार्य होगा।
5. बिड के साथ समस्त सूचना सही होने सम्बन्धी शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।

Scanned with CamScanner

6. कार्यस्थल की आवश्यकतानुसार मात्राओं में विचलन हो सकता है, जिसके लिए ठेकेदार बाध्य होगा। विचलन हेतु सक्षम स्तर से पूर्वानुमति अनिवार्य होगा।
7. श्रम विभाग में पंजीकरण की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
8. पैन/जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन की स्वप्रमाणित प्रति।
9. मा0 एन0जी0टी0 के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण कार्य सामग्री को ग्रीन कवर से ढक्कर एवं पानी का छिड़काव करते हुए कार्य करना अनिवार्य होगा, जिससे वायू प्रदूषण उत्पन्न न हो। अन्यथा की स्थिति में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति वसूलने की कार्यवाही की जायेगी। कार्य के दौरान स्थल पर सामग्री रखे जाने के फोटोग्राफ भी पत्रावली में संलग्न करने होंगे।
10. जी0एस0टी0 के नियमों/शासनादेश के अनुसार निर्धारित कटौती की जायेगी।
11. निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि का भुगतान प्रत्येक कार्य के सम्मुख उल्लिखित निविदा शुल्क पृथक–पृथक RTGS/NEFT के माध्यम से नगर निगम के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया में खाता संख्या 38120131718, शाखा–नगर महापालिका, आगरा IFSC Code SBIN0003707 खाता नाम ई–टेण्डरिंग नगर निगम आगरा के नाम से किया जाना अनिवार्य होगा।
12. कार्यों की समय–समय पर जांच प्रतिष्ठित प्रोगशाला से कराया जाना अनिवार्य होगा । जांच रिपोर्ट में यदि कोई मानक के विपरीत पायी जती है, तो सम्बन्धित कार्य को पुनः ठेकेदार द्वारा अपने हर्जे–खर्चे पर ठीक किया जाना अनिवार्य होगा तथा इस कार्य में कोई अतिरिक्त भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया जायेगा।
13. ठेकेदार/फर्म का किसी कार्य हेतु कोई आरबीट्रेशन अथवा अन्य विवाद चल रहा है, तो सूचना संलग्न करनी होगी।
14. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार महाप्रबन्धक जलकल/नगर आयुक्त, नगर निगम, आगरा को होगा।
15. शासनादेश संख्या 622/33–12–2012–2आडिट/08, दिनांक 06 जून, 2012 के अनुसार 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम पर सिक्योरिटी/परफोरमेंस गारण्टी ली जायेगी।
16. शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा/2019, दिनांक 20.09.2019 के अनुसार न्यूनतम निविदादाता का यदि पूर्व से नगर निगम/जलकल, आगरा में पंजीकरण नहीं है, तो उन्हें पंजीकरण नियमावली/शर्तों के अनुसार जलकल/नगर निगम, आगरा में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
17. शासनादेश संख्या1/2018/3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22), दिनांक 03 जनवरी, 2018 के अनुपालन निविदादाताओं को अर्नेस्टमनी के रूप में ऑनलाईन अंकित की गयी एफ.डी.आर./एन.एस.सी. को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय जलकल विभाग आगरा के नाम बन्धक होगी को स्कैन कर अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा तथा न्यूनतम निविदादाता को ऑनलाईन अंकित की गयी एफ.डी.आर./एन.एस.सी. मूल रूप में विभाग में उपस्थित होकर जमा कराया जाना भी अनिवार्य होगा। यदि वेबसाइट पर अपलोड एवं विभाग में जमा की गयी एफ.डी.आर./एन.एस.सी. में भिन्नता पायी जाती है, तो सम्बन्धित फर्म का पंजीयन निरस्त करते हुए काली सूची में इन्द्राज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।
18. अपराधिक रिकार्ड रखने वाले एवं बार काउंसिल के पंजीकृत निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
19. कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार काउन्सिल में पंजीकृत है, वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा।
20. प्रत्येक निविदादाता को नॉन–जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर सभी सूचनायें सही होने का शपथ–पत्र उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।
21. निविदा किसी अन्य को हस्तान्तरणीय नहीं होगी।
22. ठेकेदार/निविदादाता को कार्य के समय यातायात के आवागमन को बिना किसी अवरोध के बनाये रखने हेतु पर्याप्त सुविधा/व्यवस्था करना अनिवार्य होगा।
23. निविदादाता को अपनी निविदा के साथ अधिकृत पता, ईमेल–आई0डी0, मोबाइल नम्बर, फैस नम्बर एवं सम्पर्क पता अपने लेटर पैड पर लिख कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
24. ई–निविदा में कोई भी संशोधन/परिवर्तन की सूचना को वेबसाइट पर ही अपलोड कर प्रकाशित किया जायेगा।
25. निविदादाता को शासन/निदेशालय/नगर निगम/जलकल द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
26. एक अथवा सभी निविदाओं को कारण बताये अथवा बिना बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त में निहित होगा एवं किसी भी शर्त को संशोधित करने का पूर्व अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, आगरा में निहित होगा।
27. शर्त युक्त निविदा मान्य नहीं होगी।

Scanned with CamScanner

**तकनीकी बिड हेतु अनिवार्य अभिलेख :–**

1. विगत 05 वर्षों में किसी भी एक वर्ष में निविदा अनुमानित धनराशि के 50% का टर्न ओवर का प्रमाण–पत्र।
2. विगत 05 वर्षों में आगणन धनराशि के सापेक्ष एक–तिहाई के बराबर धनराशि का समान कार्य सन्तोषजनक रूप से पूर्ण किये जाने का अनुभव प्रमाण–पत्र।
3. टेक्नीकल बिड के साथ नगर निगम/जलकल, आगरा में उक्त फर्म के नाम कोई भी कार्य लम्ब समय से लम्बित/अनारम्भ होने का प्रमाण–पत्र (मा0 न्यायालय विवाद के कार्यों को छोड़कर) संलग्न करना होगा।
4. बिना एफ.डी.आर. की स्कैन प्रति के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. टेक्नीकल बिड के साथ तकनीकी स्टाफ से सम्बन्धित सूचना ( अनुभवी एक डिप्लोमा/आई0टी0आई0 धारक ) विवरण सहित (शपथ–पत्र सहित) संलग्न करना होगा।
6. टेक्नीकल बिड के साथ यथा आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सम्बन्धित प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।

अधिशासी अभियन्ता,
जलकल विभाग, नगर निगम,
आगरा

प्रतिलिपि :–

1. मा0 महापौर महोदय को अवलोकनार्थ।
2. नगर आयुक्त महोदय को अवलोकनार्थ।
3. महाप्रबन्धक महोदय जलकल को अवलोकनार्थ।
4. टेण्डर समिति को सूचनार्थ।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता को इस निर्देश के साथ समयान्तर्गत निविदा प्रपत्र अपलोड़ कराया जाना सुनिश्चित करें।
6. आई0टी0ओ0 को वेबसाइट पर अपलोड़ किये जाने हेतु।
7. वेबसाइट पर अपलोड़ हेतु।
8. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अधिशासी अभियन्ता,
जलकल विभाग, नगर निगम,
आगरा

Scanned with CamScanner